निविदा की शर्तो :–

1– यह कि उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति अधिनियिम के अनुसार निविदादाता द्वारा धरोहर धनराशि रू0 30,000. हजार की एफ0डी0आर0, सी0डी0आर, डाकघर बचन पासबुक, एन0एस0सी0 अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत ऊखीमठ रूद्रप्रयाग के पदनाम से बंधक कर अनिवार्य रूप से देना होगी।

2– यह कि निर्माता कम्पली या फर्म/डीलर द्वारा आपूर्ति किये जाने वाले सामाग्री/उपकरणों की आपूर्ति निर्धारित अवधि के अन्दर नगर पंचायत ऊखीमठ, रूद्रप्रयाग के कार्यालय स्टोर में करनी होगी। स्थानीय स्तर पर यदि किसी अधिकृत विक्रेता/व्यक्ति को कम्पनी द्वारा अधिकृत किया जाता है तो स्पष्ट रूप से कम्पनी के पैड पर अधिकृत एवं सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्गत अधिकार पत्र ही अनुमन्य माना जायेगा।

3– यह कि निविदा प्रपत्र में अपना नाम, पता, व्यापार करने का स्थान, टेलीफोन न0, ईमेल का विवरण अंकित करना आवश्यक होगा।

4– यह कि सशर्त एवं ओवर राईटिंग/कटिंग वाली निविदाए स्वीकार नहीं होगी।

5– यह कि किसी एक या समस्त निविदाओं को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधिशासी अधिकारी/अध्यक्ष/निविदा समिति नगर पचांयत ऊखीमठ को होगा।

6– यह कि निविदा प्रपत्र नगर पंचायत ऊखीमठ रूद्रप्रयाग के कार्यालय से स्वंय अथवा अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा ही क्रय किया जायेगा। अधिकृत प्रतिनिधि का प्रमाण पत्र लगवाया जाना अनिवार्य है।

7– यह कि आपूर्तिकर्ता कम्पनी या फर्म/डीलर को सामाग्री की आपूर्ति करने के पश्चात उसकी गुणवत्ता की जांच/परीक्षण किये जाने पर नियमानुसार धन की उपलब्धता होने पर भुगतान किया जायेगा।

8– यह कि निर्माता कम्पनी या फर्म/डीलर की न्यूनतम निविदा दर स्वीकृत होने के पश्चात निर्धारित स्टाम्प पेपर 3 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर नगर पंचायत ऊखीमठ, रूद्रप्रयाग के साथ अनुबन्ध करना होंगा।

9– यह कि निर्माता कम्पनी या फर्म/डीलर को आयकर एवं जी0एस0टी0 पंजीकरण प्रमाण पत्र निविदा के साथ देनें होंगें।

10– यह कि निर्माता कम्पनी या डीलर/फर्म को विगत 2 वित्तीय वर्ष (2023–24, एवं 2024–25) के आयकर रिर्टन की प्रति निविदा के साथ देने होंगें।

11– यह कि निविदा के साथ निर्माता कम्पनी का विगत 02 वर्ष का टर्नओवर का प्रमाण पत्र जो कि सी0ए0 द्वारा प्रमाणित किया गया हो अथवा हैसियत प्रमाण पत्र निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।

12– यह कि निर्माता कम्पनी या फर्म/डीलर को रू0 100.00 के नॉन ज्यूडिशियन स्टॉम्प पेपर पर रू0 1.00 का रसीदी टिकट लगाकर हस्ताक्षरयुक्त निविदा के साथ देना होगा, नॉन ज्यूडिशियल स्टॉम्प पेपर उत्तराखण्ड राज्य का ही मान्य होगा।

13– यह कि निर्माता एवं निविदादाता द्वारा आपूर्तिकर्ता को कम्पनी/फर्म को इस आशय का शपथ–पत्र रूपये 10.00 के स्टाम्प पेपर पर देना होगा कि किसी सरकारी विभाग/अर्द्वसरकारी विभाग द्वारा उसे विगत 05 सालों में ब्लैकलिस्टेड न किया गया हो।

14– निविदा प्रपत्र मूल रूप से नगर पंचायत ऊखीमठ रूद्रप्रयाग के कार्यालय से क्रय किया गया ही मान्य होगा।

15– यह कि निर्माता कम्पनी या फर्म/डीलर द्वारा आपूर्ति आदेश की तिथि से निर्धारित अवधि के अन्दर सामाग्री/उपकरणों की आपूर्ति नगर पंचायत ऊखीमठ, स्टोर में करनी होगी अन्यथा निर्धारित तिथि के बाद उपकरण/सामाग्री के मूल्य की धनराशि पर 2 प्रतिशत प्रतिदिन की दर से विलम्ब शुल्क देना होगा, जिसकी कटौती बिल से की जायेगी।

16– यह कि निविदा में दी जाने वाली दरों के साथ केन्द्रीय सरकार एवं राज्य सरकार के सभी कर (आयकर एवं जी0एस0टी0) का उल्लेख करना आवश्यक होगा।

17– यह कि वित्तीय निविदा में सामाग्री की दरों को समस्त कर सहित अंको व शब्दों दोनों में पठनीय व स्पष्ट रूप से लिखा जायें।

18– यह कि तकनीकि बिड व वित्तीय विड अलग–अलग लिफाफों में रखी जानी होगी, उक्त दोनों लिफाफों को एक बड़े लिफाफे में रखना होगा, उसमें आवेदित सामाग्री के नाम सहित प्रस्तुत किया जाना होगा। तकनीकि बिड के लिफाफे पर तकनीकि बिड लिखा जाना अनिवार्य होगा, तथा वित्तीय बिड के लिफाफों में वित्तीय बिड लिखा जाना अनिवार्य है।

19– यह कि निविदादाता व नगर पंचायत ऊखीमठ, रूद्रप्रयाग के मध्य विवाद होने पर न्याय क्षेत्र जनपद रूद्रप्रयाग होगा।

20– जी0एस0टी0 का नोडुयज प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

21– यह कि आपूर्ति की जाने वाली सामाग्री/उपकरणों की संख्या में घटोतरी व बढोतरी/निविदा स्थगन/ निरस्त/परिवर्तन हो सकती है, तथा इस हेतु किसी प्रकार का प्रत्यावेदन स्वीकार नहीं होगा।

22– यह कि निर्माता कम्पनी या फर्म/डीलर को सामाग्री/उपकरणों की आपूर्ति निर्धारित मानक व स्पेसिफिकेशन के अनुसार करनी होगी, अन्यथा यदि सामाग्री मानक व स्पेसिफिकेशन के अनुसार नहीं पायी जाती है तो ऐसी स्थिति में सम्बन्धित के विरूद्व भारतीय दण्ड सहिंता में दिऐ गये प्राविधानों के अनुसार कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

23– निर्माता/निविदादाता के पास उत्तराखण्ड की किसी भी निकाय/कार्यालय में कार्य करने का अनुभव होना चाहिए।

24– यह कि निर्माता कम्पनी/निविदादाताओं की ओर से आपूर्ति किये जाने वाले उपकरणों के गांरटी या वारंटी प्रमाण पत्र निविदा के साथ देने होंगे। जिसमें सूचना प्राप्ति के एक हफ्ते के अंदर नगर पंचायत ऊखीमठ, रूद्रप्रयाग के स्टोर में आकर लाइट ठीक करान होगा एक हफ्ते के पश्चात रू0 100 प्रतिदिन के हिसाब से अर्थदण्ड वसूला जाएगा जिसकी वसूली निविदादाता द्वारा जमा धरोहर राशि से काटी जाएगी।

25– यह कि यदि आपूर्ति की गयी सामाग्री/उपकरण वारंटी अवधि या किसी तकनीकि खराबी के कारण खराब/टूट जातें है तो उन उपकरणों के रिप्लेसमेंट निर्माता कम्पनी या फर्म/डीलर द्वारा किया जाना होगा।

26– यह कि उपरोक्त शर्तो का विचलन करने पर नियमानुसार निर्माता कम्पनी या फर्म/डीलर के विरूद्व कार्यवाही की जायेगी, जिस पर होने वाला व्यय या क्षति की वसूली सम्बन्धित से भू–राजस्व की भांती करने हेतु वसूली प्रमाण पत्र (आर0सी0) जारी कर दी जायेगी।

27– यह कि आपूर्तिकर्ता कि धरोहर धनराशि वॉरन्टी अवधि समय सीमा समाप्त होने के बाद ही अवमुक्त कि जाएगी।

28– क्रय वरीयता नीति 2014 के अन्तर्गत, राज्य में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (MSME) में पंजीकृत फर्म को वरियता दी जाएगी।

घोषणा पत्र

मैने/हमने उपरोक्त सभी शर्ते एवं आवश्यक सूचनायें जो निविदा पत्र के साथ प्राप्त हुइ हैं को भंली प्रकार से पढकर समझ ली हैं। मुझे/हमें सभी शर्ते स्वीकार हैं एवं वर्णित शर्तो/निर्देशों का पालन करने हेतु सहमत है।

निविदा दाता के हस्ताक्षर–
निविदा दाता का नाम पता सहित–
मोबाईल न0–

100 ली0/50 ली0 डस्टबीन क्रय करने हेतु तकनीकी शर्तें :–

01– **क्षमता** – 100 ली0 एवं 50 ली0।
02– **निर्माण सामाग्री** – उच्च गुणवत्ता वाली (एच0डी0पी0ई0) प्लास्टिक युक्त।
03– **गुणत्ता** – मजबूत टिकाउ एवं लम्बे समय तक उपयोग योग्य।
04– **बॉडी**– एक समान ढलाई वाली, दोष मुक्त।
05– **ढक्कन**– डस्टबीन के साथ उपयुक्त ढक्कन उपलब्ध होना आवश्यक है।
06– **पहिए**– 2 मजबूत पहिए युक्त सुगम आवागन हेतु।
07– **हैंडल**– उठाने एवं खीचने हेतु मजबूत हैंडल।
08– **मौसम प्रतिरोधक**– धूप एवं वर्षा में बाहरी सामान्य उपयोग के लिय उपयुक्त।
09– **रंग**– गीले एवं सूखे कचरे के लिये पृथक–पृथक नीले हरे आवश्यकतानुसार।
10– **सुरक्षा** – सामान्य उपयोग में टूट–फूट एवं रिसाव से सुरक्षित।
11– **स्थिति**– सामाग्री नई, अप्रयुक्त एवं दोष रहित होनी चाहिए।
12– **पहचान**– निर्माता का नाम एवं उत्पादन क्षमता अंकित हो।
13– **वारंटी**– आपूर्ति की तिथि से 02 वर्ष तक प्रमाण पत्र।
14– **आपूर्ति**– कार्यालय नगर पंचायत ऊखीमठ के स्टोर तक।
15– **निरिक्षण**– आपूर्ति के समय सक्षम अधिकारी /कर्मचारी द्वारा गुणवत्ता एवं क्षमता का सत्यापन किया जायेगा।

सामान्य शर्तें –

01– आपूर्तिकर्ता द्वारा निर्धारित तकनीकी विनिर्देशों के अनुरूप ही सामाग्री उपलब्ध कराई जाएगी।
02– निर्धारित मानकों के अनुरूप न पाए जाने पर सामाग्री अस्वीकार की जा सकेगी।
03– भुगतान सक्षम अधिकारी द्वारा सामाग्री की गुणवत्ता एवं मात्रा सत्यापित किए जाने के उपरांत नियमानुसार किया जाएगा।
04– सशर्त एवं अपूर्ण एवं विलम्ब से अथवा जैम पोर्टल से अधिक दरें स्वीकार्य नहीं होगी।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत ऊखीमठ
जनपद–रुद्रप्रयाग

अध्यक्ष
नगर पंचायत ऊखीमठ
जनपद- रुद्रप्रयाग(उत्तराखण्ड)

कार्यालय, नगर पंचायत, ऊखीमठ (रुद्रप्रयाग)

पत्रांकः 378/न०पं०- स0सा0/2026-27 दिनांक 28/10/2026

निविदा सूचना

नगर पंचायत ऊखीमठ, जनपद रूद्रप्रयाग द्वारा राज्य वित्त योजना अन्तर्गत सफाई सामाग्री / उपकरण आदि क्रय किये जाने हेतु इच्छुक, अधिकृत डीलर/फर्म से टू-विड, निविदायें आमंत्रित की जाती हैं।

अतः इच्छुक अधिकृत डीलर/फर्म, निविदा प्रपत्र नियत मूल्य नकद अदा कर निविदा प्रकाशन तिथि 28.10.26 से दिनांक 12.11.26 समय 1:00 बजे तक कार्यालय दिवस / कार्यसमय में कार्यालय नगर पंचायत ऊखीमठ, से क्रय किये जा सकते है। क्रय निविदाओं को दिनांक 12.11.26 को अपरान्ह 1:00 बजे से 2:00 बजे तक कार्यालय में उपलब्ध निविदा बॉक्स में डाले जा सकते हैं। प्राप्त निविदाए, निविदा समिति द्वारा नगर पंचायत ऊखीमठ के द्वारा (अपरिहार्य परिस्थितियों को छोडकर) उसी दिन अपराहन 3:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं / अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। सशर्त, अपूर्ण, बिलम्ब से प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा। किसी भी निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार निविदा समिति/अधोहस्ताक्षरी में निहित है। निविदा की अन्य नियम / शर्ते किसी भी कार्यदिवस / समय में, कार्यालय नगर पंचायत ऊखीमठ, एवं नगर पंचायत ऊखीमठ की बेबसाइट www.npukhimath.in से ज्ञात की जा सकती है।

क्र.सं.	कार्य का नाम विवरण	धरोहर राशि	निविदा शुल्क
1	डस्टबीन 100 ली०	30000.00	1000.00 + जी०एस०टी०
2	डस्टबीन 50 ली०		

(सुनील वर्मा)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत ऊखीमठ

(कुब्जा धर्म्वाण)
अध्यक्ष
नगर पंचायत ऊखीमठ